दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-53, बुधवार 23 फरवरी, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल महाविद्यालय को सर्वाधिक रक्तदान के लिए किया सम्मानित



**फरीदाबाद, 22 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** मंगलवार को रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा वर्ष भर में होने वाले रक्तदान शिविरों के आयोजन में सर्वाधिक रक्त यूनिट प्रदान करने के लिए धन्यवाद सम्मान समारोह फरीदाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन के सभागार में आयोजित किया। समारोह के मुख्य अतिथि रोटेरियन अनूप मित्तल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहे। इस सम्मान समारोह में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ आकर्षण का केंद्र रहा क्योंकि महाविद्यालय प्राचार्य कृष्ण कांत गुप्ता जी के संरक्षण में महाविद्यालय में रक्तदान शिविरों का आयोजन होता रहा है।

प्राचार्य जी का कहना है कि रक्तदान जीवनदान है और इस प्रकार हम किसी का जीवन तो बचाते ही हैं उसके साथ साथ पीड़ित के परिवार की खुशियों को भी बचाते हैं क्योंकि किसी व्यक्ति की मृत्यु से उसके सारे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है ।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ को वर्ष 2020-21 में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए रोटरी ब्लड बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट ने ट्रॉफी से सम्मानित किया व किसी भी शिक्षण संस्थान द्वारा सर्वाधिक रक्त यूनिट प्रदान करने के लिए रोटेरियन स्वर्गीय एस. सी गुंबर मेमोरियल ट्रॉफी से भी सम्मानित किया प्राचार्य जी के आदेशानुसार यह सम्मान विनीत नागपाल जी ने प्राप्त किया महाविद्यालय के शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग में इस सम्मान के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत जी को बधाइयां दी।